राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(90)RSSB/अर्थना/CET/2022/2379 दिनांक : 25.07.2023

–:: कार्यालय आदेश ::–

समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2022

बोर्ड द्वारा समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2022 हेतु दिनांक 21.09.2022 को विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 07.01.2023 से 08.01.2023 तक परीक्षा आयोजित करवाई गई है। बोर्ड द्वारा उक्त परीक्षा के अन्तर्गत शामिल कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जानी है जिस हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 20.06.2023 को विज्ञापन जारी कर दिनांक 27.06.2023 से दिनांक 26.07.2023 तक आवेदन भरवाये जा रहे है। इस हेतु बोर्ड कार्यालय में समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2022 में संशोधन हेतु माननीय न्यायालय के विभिन्न आदेश प्राप्त हो रहे है। अतः समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2022 में सम्मिलित हुए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने CET (स्नातक स्तर) के आवेदन पत्र में किसी भी श्रेणी में (यथा–मंत्रालयिक श्रेणी एवं अन्य) त्रुटि कर दी हो तो ऐसे सभी अभ्यर्थी कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती परीक्षा–2023 में ऑनलाईन आवेदन करते समय अपनी त्रुटियों में ऑनलाईन सुधार कर सही श्रेणी भरें। अभ्यर्थियों द्वारा कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती परीक्षा–2023 में ऑनलाईन भरी हुई सूचनओं को ही अंतिम माना जायेगा। बोर्ड द्वारा बाद में इस संबंध में कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव